**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 07.02.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान को अधिक प्रभावी बनाने हेतु पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा मासिक गोष्ठी कर महिला पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुन किया गया उनका निराकरण। साथ ही महिला सम्बन्धी मामलों में अच्छी विवेचना एवं सराहनीय कार्य करने वाली 21 महिला पुलिसकर्मियों को किया गया सम्मानित।**

**विवरण**- शासन द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाये जाने हेतु आज दिनांक 07.02.2025 को पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा पुलिस लाइन सभागार में मासिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा जनपद के समस्त थानों की महिला उपनिरीक्षक व महिला पुलिसकर्मियों के साथ मासिक गोष्ठी कर मिशन शक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाये जाने हेतु स्कूलों/कालेजो/गावों/कस्बो में अधिक से अधिक कार्यशालाओं का आयोजन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया । साथ ही पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा मिशन शक्ति अभियान के दौरान एवं महिला सम्बन्धी अपराधों/शिकायतों/मामलों के निस्तारण एवं विवेचना में महिला पुलिसकर्मियों को होने वाली समस्याओं को सुन उनका निस्तारण किया गया। गोष्ठी के उपरान्त पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराधों के प्रति अच्छी विवेचना व महिला पीड़ितों का सहयोग कर मिशन शक्ति अभियान में प्रभावी भूमिका निभाने वाली कुल 21 महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया जिनमें 07 महिला उपनिरीक्षक व 14 महिला आरक्षी शामिल है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज, क्षेत्राधिकारी नरैनी/नोडल अधिकारी मिशन शक्ति श्रीमती अम्बुजा त्रिवेदी, महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी म0उ0नि0 रश्मि देवी सहित समस्त थानों की महिला उपनिरीक्षक व महिला आरक्षी मौजूद रही।